तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 5 जनवरी 2026

11 पश्चिमी विक्षोभ के असर से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी...

12 मानस दिग्दर्शन कार्यक्रम में पूर्व विधायक...




## खबर संक्षेप

### गाली देने से रोका तो पिता-पुत्र को पीटा, आरोपी खिलाफ केस दर्ज



**बालोद।** दुकान के पास गाली गलौज कर रहे व्यक्ति को मना करने पर व्यक्ति ने मना करने वाले व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बागतराई निवासी आनंद राम साहू ने पुलिस को बताया कि 02 जनवरी के शाम करीबन 06:30 बजे रोज की तरह मजदूरी का काम करके अपने दुकान में गया था। उसी समय गांव का ठोमेन्द्र साहू उर्फ कल्लू पिता हेमंत साहू हमारे दुकान के पास आकर बैठा और गाली गलौज कर रहा था। जिसे मना करने पर ठोमेन्द्र साहू के द्वारा तुम मुझे मना करने वाले कौन होते हो कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मेरा कालर पकडकर हाथ मुक्का से मारपीट किया है। मारपीट करने से मेरे बाएं गाल तरफ दर्द हो रहा है। घटना को देखकर बीच बचाव करने आये मेरा बेटा युवराज सिंह को भी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया है। मारपीट से युवराज सिंह के बाएं कोहनी में भी चोट लगा है।

### भारी वाहन की ठोकर से युवक घायल, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** साइकिल के माध्यम से जा रहे व्यक्ति को पीकअप ने ठोकर मार दी। जिससे व्यक्ति घायल हो गया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने पीकअप चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने 184 एमओटी, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम धनोरा निवासी कन्हैया लाल साहू ने पुलिस को बताया कि बिजली विभाग गुरूर में लाईन मेंटनेंस का काम करता हूं। 01 जनवरी के शाम करीबन 06:30 बजे धनोरा सब स्टेशन से अपने साइकिल में अपने घर ग्राम छेडिया जा रहा था, 14 बटालियन गेट नंबर 03 के पास पहुंचा था कि पीछे तरफ से पीकअप सीजी 05 एएच 8601 का चालक अपने वाहन को तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाते हुये लाकर मेरे साइकिल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मैं साइकिल सहित रोड किनारे गिर गया, एक्सीडेंट से मुझे सिर के पीछे, दोनों हाथ के कोहनी में, कमर में चोट लगा है। दुर्घटना सुनकर मेरे साथी चन्द्रकांत ठाकुर एवं राहुल नेताम घटना स्थल आये तथा मुझे ईलाज हेतु सीएचसी गुरूर लेकर गये।

# धान खरीदी में टोकन व परिवहन संकट, देवरीबंगला समिति में जगह की भारी कमी

## धान खरीदी बंद हुई तो किसानों के साथ सड़क पर बैठेंगे : केशव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से क्षेत्र में चल रही धान खरीदी में टोकन की समस्या के साथ साथ परिवहन की धीमी चाल भी एक बड़ी समस्या बनकर उभर रही है। जिसके चलते सोसाइटी में धान रखने के लिए जगह नहीं हैं। धान बेचने के लिए अब 15-20 दिन का ही समय शेष है।

किसानों को भी चिंता सता रही है कि वे समय पर धान बेच पाएंगे या नहीं। कई समस्याओं के बीच एक नई समस्या डौंडीलोहारा ब्लाक के धान खरीदी केंद्र देवरीबंगला में सामने आई है। समिति की जमीन पर धान रखने के लिए जगह नहीं है। सोसाइटी प्रबंधन के द्वारा धान उठाने के लिए पत्र व्यवहार किया गया है। स्थिति यह है कि धान की आवक बढ़ते क्रम पर है। छोटे किसानों को भी काफी परेशानी हो रही है। उनका टोकन नहीं कट पा रहा है। बफर लिमिट से कहीं ज्यादा तीन गुना धान की खरीदी यहां हो चुकी है। परिवहन की सुस्त चाल बड़ी समस्या साबित हो रही है। देवरी समिति में कांग्रेस की निगरानी समिति के सदस्य जीवन कश्यप, केशव शर्मा, बरसन निषाद व ढालसिंह ठाकुर ने कहा कि समिति में किसानों की धान खरीदी की समस्या शीघ्र हल करें।

केशव शर्मा ने कहा कि धान परिवहन की समस्या शीघ्र हल नहीं हुई तो किसानों के साथ सड़क पर बैठेंगे। धान परिवहन की समस्या फरदफोड़, अछोली व भंडेरा समिति में भी है। समिति के प्रबंधक ▶▶| शेष पेज 11 पर

## विरोध : मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत ग्राम से विधानसभा तक होंगे कार्यक्रम : कोसमा

# मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में 10 जनवरी से कांग्रेस का प्रदेशव्यापी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- 10 से 25 फरवरी तक चरणबद्ध कार्यक्रम और राज्यस्तरीय रैलियां




महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने के प्रस्ताव के विरोध में कांग्रेस पार्टी 10 जनवरी से प्रदेशभर में व्यापक जनआंदोलन शुरू करने जा रही है। इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आंदोलन केवल एक नाम के विरोध तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण गरीबों के काम के अधिकार, आजीविका और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा की लड़ाई है।

रतिराम कोसमा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा की मूल भावना से छेड़छाड़ करना सीधे-सीधे ग्रामीण भारत पर हमला है। मनरेगा महज एक योजना नहीं, बल्कि गरीब, मजदूर और वंचित वर्ग के लिए जीवनरेखा है। इसका नाम बदलना या स्वरूप कमजोर करना स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस कार्यसमिति ने 27 दिसंबर को हुई बैठक में सर्वसम्मति से 'मनरेगा बचाओ संग्राम' नाम से एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है, जो 17 दिनों तक चरणबद्ध तरीके से चलेगा।

### आंदोलन की प्रमुख रूपरेखा

10 जनवरीः जिला स्तरीय प्रेस कॉन्फ्रेंस

11 जनवरीः जिला मुख्यालयों एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों (महात्मा गांधी या डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं के पास) एक दिवसीय उपवास एवं प्रतीकात्मक विरोध, जिसमें पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और मनरेगा श्रमिक शामिल होंगे।

12 से 29 जनवरीः पंचायत स्तर पर चौपाल, जनसंपर्क अभियान और संवाद कार्यक्रम कांग्रेस अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष के पत्र ग्राम प्रधानों, पूर्व सरपंचों, रोजगार सेवकों और मनरेगा श्रमिकों तक पहुंचाए जाएंगे विधानसभा स्तर पर नुक्कड़ सभाएं और पर्चा वितरण

30 जनवरी वार्ड और ब्लॉक स्तर पर शांतिपूर्ण धरना, जहां अहिंसा, संविधान और काम के अधिकार पर जोर दिया जाएगा।

31 जनवरी से 6 फरवरी जिला कलेक्टर कार्यालयों के समक्ष 'मनरेगा बचाओ धरना', इसके बाद वीबी-जीराम-जी विधेयक को वापस लेने और मनरेगा को मूल स्वरूप में बहाल करने की मांग का ज्ञापन सौंपा जाएगा।

7 से 15 फरवरी पीसीसी के नेतृत्व में राज्य स्तरीय विधानसभा घेराव, जिसमें केंद्र सरकार की नीतियों और राज्यों पर डाले जा रहे आर्थिक बोझ को उजागर किया जाएगा।

16 से 25 फरवरी अभियान के समापन के तहत एआईसीसी द्वारा चार प्रमुख क्षेत्रीय रैलियों का आयोजन।

### ग्रामीण जनता से आंदोलन में भागीदारी की अपील

विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा ने ग्रामीण जनता, मजदूरों और मनरेगा श्रमिकों से अपील करते हुए कहा कि यह लड़ाई किसी पार्टी की नहीं, बल्कि हर उस परिवार की है, जिसकी आजीविका मनरेगा से जुड़ी हुई है। कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर मनरेगा को कमजोर करने की कोशिशों का विरोध करेगी और सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।

# सड़क हादसे में युवक मौत, दो बच्चे गंभीर रूप से घायल, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- घोटिया मार्ग पेट्रोल पंप के पास हुआ भीषण सड़क हादसा
- तेज व लापरवाही से चल रही बाइक ने मारी सामने से टक्कर




अपने बेटा बेटी को बाईक में बैठाकर ईलाज कराने के लिए अस्पताल ले जा रहे बाईक सवार युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जिसके बाद मृत युवक के भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 106(1), 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम मड़ियाकट्टा थाना डौण्डी निवासी दिनुराम नुरूटी ने पुलिस को बताया कि 02 जनवरी को सुबह मेरा हेमलाल नुरूटी अपने मोटर साइकिल सीजी 24 के 3063 से अपनी लड़की संध्या व लड़का हार्दिक को बैठा कर घोटिया अस्पताल ईलाज कराने के लिए लेकर जा रहे थे, उसी दौरान घोटिया मार्ग पेट्रोल पंप के पास मेन रोड में सामने से मोटर साइकिल सीजी 24 वी 9861 के चालक के ने अपने मोटर साइकिल को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चला कर विपरित दिशा में आकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मोटर साइकिल चालक भाई हेमलाल नुरूटी गंभीर रूप से चोट लगा है, साथ में पीछे बैठे दोनों बच्चों को भी गंभीर चोट लगा है, इसकी जानकारी रोजगार सहायक बिरेन्द्र चौहान घर में आकर दी। जानकारी पर मैं अपने भाई हेमलाल के मोबाईल में फोन किया तो पता चला कि मेरे भाई हेमलाल को शहीद अस्पताल राजहरा लेकर गये है, फिर मैं मोटर सायकल से शहीद अस्पताल राजहरा गया तो पता चला कि मेरा भाई हेमलाल की मृत्यु हो गया है व मेरी भतिजी संध्या व भतीजा हार्दिक को ईलाज हेतु शहीद अस्पताल में भर्ती किये है। मुझे शहीद अस्पताल राजहरा मे पता चला कि मोटर साइकिल सीजी 24 वी 9861 के चालक को भी गंभीर रूप से घायल होकर चोट आने पर शहीद अस्पताल से रिफर किया गया है और इसके पीछे बैठे व्यक्ति का मौके पर गंभीर चोट लगने से मृत्यु होना पता चला है।

# नववर्ष पर विचार व काव्य गोष्ठी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- कविताओं और रचनाओं से साहित्यकारों ने किया नव वर्ष का स्वागत



नव कैलेंडर वर्ष के आगमन के अवसर पर मधुर साहित्य परिषद द्वारा विचार गोष्ठी एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन विश्राम गृह, संबलपुर (डौडी लोहारा) में किया गया।

समाज में साहित्य का विशेष महत्व होता है। जनमानस के दिलों में देशभक्ति की भावना, जागरूकता या किसी भी बात को असरदायक रुप देना होता है तो कविता, लेख, गीत, कहानी साहित्यक रचनाएं ही महत्वपूर्ण माध्यम हो सकता है। इसी तारतम्य में क्षेत्र के साहित्यकारों ने सहभागिता कर वर्ष 2026 का स्वागत अपनी कविता एवं साहित्यिक रचनाओं के माध्यम से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. अशोक आकाश, अध्यक्ष मधुर साहित्य परिषद, जिला बालोद, ने कहा कि नव वर्ष हमें नई ऊर्जा और नई प्रेरणा प्रदान करता है।


उन्होंने कहा कि वर्ष की शुरुआत साहित्यिक नवीनता के साथ होनी चाहिए, जिससे संगठनात्मक शक्ति के साथ श्रेष्ठ और सार्थक साहित्य का सृजन किया जा सके। साहित्यकार वीरेंद्र अजनबी ने कहा कि कैलेंडर वर्ष में जीवन के पन्नों को कल्पनाओं के रंगों से संवारना आवश्यक है। इस अवसर पर उन्होंने अपनी काव्य पंक्तियां यूं ही व्यर्थ गया मेरा वर्ष, ऐसा मुझको लगता है, अरमान बड़े और मंज़िल दूर, मन सोता तो कभी जगता है। प्रस्तुत कीं। साहित्यकार एस. एल. गंधर्व ने नए साल में साहित्य को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का संकल्प लेते हुए अपनी काव्य रचना अवध में राम जब आए, मंगल गीत सब गाए लम का पाठ किया, जिससे श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। साहित्यकार देवनारायण नगरिया ने कहा कि साहित्य निरंतर प्रयास से सीखा जा सकता है। साहित्य जीवन में आनंद, उमंग और सकारात्मक ऊर्जा भरता है तथा इसे लोगों में बाँटने से खुशी दोगुनी हो जाती है। कवयित्री हर्षा देवांगन ने वर्ष 2026 का स्वागत करते हुए कहा कि नव वर्ष में साहित्य को जन–जन तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने युवाओं को साहित्य से जोड़ने पर ▶▶| शेष पेज 11 पर

# दो पक्षों में गाली गलौज एवं मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- पति-पत्नी व सौतेले बेटे के बीच मारपीट

दो पक्षो में विवाद इतना बढ़ा की मामला थाने तक पहुंच गया, जिसके बाद दोनों ही पक्षो ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कुंदरूपारा आमा बगीचा बालोद निवासी परमिला कौशिक ने पुलिस को बताया कि अमर सिंह कौशिक की दुसरी पत्नी हूं, अमरसिंह के पहली पत्नी का एक बेटा प्रशांत कौशिक एवं बहु काजल के साथ रहती हूं। 31 दिसंबर के रात्रि प्रशांत कौशिक ने खाना खाने बैठी थी उसमें थूक दिया, और घर में नही रखेगे कहकर गाली गलौच कर डंडा से सिर में मारपीट कर एवं छाती में प्रहार कर चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दिया है। काजल कौशिक एवं अमर सिंह कौशिक भी प्रशांत कौशिक के साथ मिलकर गाली गलौच एवं मारपीट किया है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने तीन लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। कुंदरूपारा आमाबगीचा बालोद निवासी ▶▶| शेष पेज 11 पर




## अवैध प्रार्थना सभा का विरोध करने पर युवाओं को निशाना बनाने का आरोप

# बजरंग दल कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई को लेकर विहिप-बजरंग दल में आक्रोश, दोहरे मापदंड का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- धर्मांतरण की सूचना देने वाले कार्यकर्ताओं को मिला नोटिस
- हिंदू धर्मग्रंथों पर टिप्पणी करने वाले पास्टर पर कार्रवाई नहीं होने का आरोप



गुण्डरदेही क्षेत्र में लगातार धर्मांतरण व मतांतरण करने वालों घरों में गैर कानूनी तरीके से अवैध प्रार्थना सभा संचालित करने वालों के खिलाफ आवाज उठाने वाले बजरंग दल के जिला सह संयोजक स्वप्निल शर्मा, नगर संयोजक पंकज साहू, विजय ढीमर के ऊपर रनचिराई थाना प्रभारी के द्वारा 126, 135 (3)170 धारा के तहत कार्यवाही करने को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल संगठन ने नाराजगी जताया है व इस कार्यवाही को हिंदुत्व को लेकर कार्य करने वाले युवाओं को दबाने की कोशिश करार दिया है।

बताया गया है कि गुण्डरदेही क्षेत्र के बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के नाम से एक नोटिस जारी किया गया है व 20 तारीख को अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होने कहा गया है। विहिप ने मामले को लेकर कहा कि गुण्डरदेही क्षेत्र के कई स्थानों पर मिशनरियों के द्वारा गलत तरीके से घरों में लोगों को इकठ्ठा कर अवैध प्रार्थना सभा का संचालन किया जा रहा है, वही हिंदू धर्म समाज को कमजोर करने बांटने की कोशिश किया जा रहा है। समाज की सूचना पर संगठन से जुड़े युवा पुलिस को सूचना देकर इसे बंद कराने का काम करते आ रहे हैं। वही सूचना पर पुलिस ने कई स्थानों पर कार्यवाही कर भिलाई दुर्ग सहित अन्य स्थानों से आए पास्टर की गिरफ्तारी भी की थी, इसी प्रकार क्षेत्र के चराचार में भी इस प्रकार के कार्य संचालित हो रहे थे, जिसकी सूचना पुलिस को देकर युवा मौके पर गए थे। उसी बात को लेकर अपराध दर्ज कर दिया गया है।

जबकि मौके पर मौजूद पास्टर सतीश साहू के द्वारा हाल ही में हिंदू धर्म ग्रंथों व देवी देवताओं को लेकर अनर्गल टिप्पणी किया गया है। जिसके ऊपर आज तक कोई कार्यवाही नहीं किया गया है। हिंदू संगठन पदाधिकारियों ने इस कार्यवाही में रनचिराई थाना प्रभारी पर मामले में दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया व कहा कि शांति के साथ कानून को सूचना देकर हिंदू धर्म विरोधी लोगों को पकड़वाने के चलते पुलिस ने यह कार्यवाही की है जो गलत है। गुण्डरदेही क्षेत्र में पूर्व में स्थानीय पुलिस व प्रशासन ने मिशनरियों के गलत कार्यों को रोका व गिरफ्तार किया, जिससे यह स्पष्ट हैं कि क्षेत्र में हिंदू विरोधी गतिविधियों का संचालन बड़े स्तर पर चल रहा है। बावजूद ऐसे कार्यों को बंद कराने की जगह युवाओं को टारगेट कर अपराध दर्ज करना सही नहीं। एक तरफ जिला प्रशासन शांति समिति की बैठक कर धर्मांतरण जैसे विषयों को लेकर शांति की पहल कर रहा, वही दूसरी तरफ हिंदू संगठन के लोगों पर कार्यवाही करने की घटना से हिंदू समाज को उग्र करने का काम भी किया जा रहा है। जो सही नहीं है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला बालोद के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता, उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, नीलेश श्रीवास्तव, ममता यदु, जिला मंत्री पोषण बनपेला, कोषाध्यक्ष राजेश सोनी, सह मंत्री मोनू सोनवानी, उमेश सेन, प्रेम शुक्ला, कैलाश साहू, जिला मातृशक्ति संयोजिका सत्या साहू, पूजा जैन, जितेंद्र सहाड़ा, बजरंग दल जिला संयोजक प्रदीप मिनपाल, फागुराम सिन्हा, मुरली साहू, बोधन भट्ट, परस साहू सहित अन्य संगठन नेताओं ने पुलिस प्रशासन से पास्टर सतीश साहू को गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### मोर मकान-मोर आस की अंतिम सूची जारी, 24 हितग्राही हुए पात्र




**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान-मोर आस अंतर्गत प्राप्त आपत्तियों और दावों की जांच-परख एवं सुनवाई प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके उपरांत पात्र और अपात्र हितग्राहियों की अंतिम सूची प्रकाशित कर दी गई है। नगर निगम प्रशासन ने बताया कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सूची को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया गया है। नागरिक विभागीय वेबसाईट पर ऑनलाइन सूची देख सकते हैं। साथ ही इसकी प्रतियां नगर निगम के मुख्य कार्यालय और डाटा सेंटर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा में भी चस्पा की गई हैं, जिससे आमजन आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकें। इस अवधि में कुल 24 हितग्राहियों को योजना के तहत पात्र माना गया है। अधिकारियों का कहना है कि पात्रता तय करते समय आय, आवासीय स्थिति, दस्तावेज़ों की वैधता तथा योजना के नियमों का कड़ाई से पालन किया गया। अपात्र पाए गए आवेदकों को कारण सहित सूचित किया गया है।

### पोल पर लग रही एलईडी लाइट, मोहल्ले रौशन



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम शहर की गलियों और मोहल्लों को रोशन बनाने के लिए नगर निगम ने एलईडी स्ट्रीट-लाइट लगाने का अभियान तेज कर दिया है। नगर निगम के विद्युत विभाग कर्मचारी द्वारा गलियों और मोहल्लों की सड़कों के पोल में लाइट को क्लेम्प से लगाया जा रहा है। कर्मियों द्वारा गलियों व सड़कों के पोल के खंबो में लाइट फिक्स्चर को सीधे खंभे में लगाया जा रहा है। बता दें कि हाल ही में खरीदी गई करीब 1,100 एलईडी लाइटों में से 300 पोल पर लाइटें लग चुकी हैं, जबकि शेष पोल पर कामजारी है। शहर की स्ट्रीट-लाइट व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से महापौर अलका बाघमार एवं प्रभारी और जनप्रतिनिधियों ने स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से मुलाकात की थी। उनके प्रयासों से 40 लाख रुपये का फंड स्वीकृत हुआ, जिसके माध्यम से एलईडी लाइटों की खरीदी की गई। नए बसाहट क्षेत्रों सहित पूरे शहर में इंस्टॉलेशन चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। लाइटें सुरक्षित और टिकाऊ रहें, इसके लिए क्लैम्प की खरीदी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है और जहां आवश्यक है वहां क्लैम्प लगाकर लाइटें लगाई जा रही हैं। नगर निगम आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने कहा कि लक्ष्य है कि अधिकतम पोल पर जल्द से जल्द एलईडी लगाकर शहर को और अधिक रोशन व सुरक्षित बनाया जाए।

### 5 को सुबह पानी सप्लाई के बाद लिया जाएगा शट डाउन

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम, दुर्ग क्षेत्र के मालवीय नगर कॉम्प्लेक्स के पास 600 एमएम वाल्व बदली किया जाना है। जिसके लिए 5 जनवरी को सुबह पानी सप्लाई के बाद कार्य कराये जाने के लिए 24 एमएलडी फिल्टर का शटडाउन लिया जाएगा। जिससे टंकियों से संबंधित एरिया में जलप्रदाय प्रभावित रहेगी। उल्लेखनीय है कि मालवीय नगर शंकर नाला के ऊपर से पटरी पार क्षेत्र व शनिचरी बाजार शंकर नगर गिरधारी नगर टंकियों में पानी भरने राइजिंग लाइन बिछी हुई है जिसमें बड़ा लिकेज है और वहीं पर वाल बदला गया था। जिसके लिए एक पखवाड़ा पूर्व शट डाउन किया गया था, किंतु खुदाई के बाद पाईप लाइन में बड़ा लिकेज होने और समय अभाव के कारण उक्त कार्य पूर्ण नहीं हो पाया था।

# मनरेगा श्रमिकों के लिए 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण शुरू

## मनरेगा अंतर्गत 100 दिवस का कार्य पूर्ण कर चुके श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जनपद पंचायत पाटन के ग्राम करसा में प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा से जुड़े श्रमिकों एवं ग्रामीण महिला-पुरुषों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने 30 दिवसीय रूरल मेसन राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा जनपद पंचायत पाटन के सहयोग से संचालित किया जा रहा है, जिसमें कुल 35 प्रतिभागी ने भाग लिया। यह पहल मनरेगा अंतर्गत 100 दिवस का कार्य पूर्ण कर चुके श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण के लिए कुशल राजमिस्त्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रारंभ की गई है।

### सुरक्षा मानकों की दी जा रही जानकारी

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर अनीता चारभे द्वारा प्रतिभागियों को ईंट-पत्थर चिनाई, प्लास्टरिंग, टाइल एवं फर्श बिछाना, छत ढलाई, कंक्रीट मिश्रण, वॉटरप्रूफिंग तथा निर्माण कार्य से संबंधित सुरक्षा मानकों की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों को अकुशल श्रमिक की श्रेणी में 30 दिवस की मजदूरी राशि भी प्रदान की जाएगी।



### ग्रामीण क्षेत्रों में कुशल राजमिस्त्रियों की बढ़ेगी उपलब्धता

प्रशिक्षण ग्रामीण युवाओं को तकनीकी दक्षता प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार एवं स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में कुशल राजमिस्त्रियों की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे आवास निर्माण की गुणवत्ता एवं गति दोनों में सुधार आएगा और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों को मजबूती मिलेगी। बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) भारत सरकार समर्थित संस्थान है, जो ग्रामीण युवाओं को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण के माध्यम से कौशल विकास, उद्यमिता एवं वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देता है।

## समस्या : 6 महीने से स्ट्रीट लाइट गुल, दुर्घटनाओं का बढ़ा खतरा

# वार्ड में सभी विकास कार्य अधूरे, छह हजार की आबादी हो रही है परेशान

## संतोषीपारा वार्ड 33 का ऐसा हाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई






नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 33 संतोषी पारा में सड़क और नाला निर्माण के आधे-अधूरे काम लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई विकास कार्य बीच में ही रोक दिए गए। वहीं पिछले छह महीनों से सड़क पर लगी एलईडी स्ट्रीट लाइट भी बंद पड़ी है।

जोन-3 अंतर्गत वार्ड 33 में ओम शांति चौक से छावनी चौक तक लगे ट्यूबलर पोल एलईडी लाइट करीब 6 माह से बंद पड़ा हैं। अंधेरा रहने के कारण इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बुजुर्ग और बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। इधर करूणा अस्पताल से गौरव पथ तक 3 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से नाला निर्माण शुरू तो किया गया था, लेकिन काम अधूरा छोड़ दिया गया। बरसात में नाला उफान पर आ जाता है और जलभराव से बाढ़ जैसे हालात बन जाते हैं। लोगों का कहना है कि अगर समय पर काम पूरा नहीं हुआ तो इस वर्ष भी हालात और बिगड़ सकते हैं। मौजी होटल से कैम्पेश्वर बैजनाथ धाम तक नाली निर्माण की मांग भी अधूरी ही पड़ी है। वार्डवासियों के अनुसार नंदिनी रोड से सुमित्रा मांझी के घर तक बन रही सीमेंटीकृत सड़क को ठेकेदार ने करीब एक महीने से अधूरा छोड़ रखा है। लगभग 20 लाख रुपए की लागत वाली यह सड़क अब तक पूरी नहीं हो सकी। डोमशेड निर्माण के बाद यहां होने वाले अन्य काम भी रोक दिए गए हैं। वहीं रवि साहू लकड़ीटाल से मिलन चौक तक सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से लंबित है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वार्ड में विकास कार्यों का ढोल तो पीटा जा रहा है, लेकिन जमीन पर ज्यादातर काम अधूरे पड़े हैं। लोगों ने नगर निगम प्रशासन से जल्द कार्यववाही कर अधूरे प्रोजेक्ट पूरे कराने की मांग की है।

### सड़क निर्माण की मांग



वार्ड निवासी विशाल सेन ने बताया कि रवि साहू लकड़ी टाल से मिलन चौक तक सड़क सालों से जर्जर हालत में है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। उन्होंने कहा कि इस समस्या की कई बार शिकायत की गई, जनप्रतिनिधियों को भी जानकारी दी गई, लेकिन अब तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। इससे बरसात के दिनों में परेशानी और बढ़ जाती है।

### डोमशेड निर्माण कार्य अधूरा पड़ा



वार्ड निवासी विनोद कुमार ठाकुर ने कहा कि महेन्द्रनाथ धाम, नंदिनी रोड के पास करीब 19 लाख रुपए की लागत से डोमशेड का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन इसके साथ बनने वाला मंच और लाइटिंग का काम अधूरा छोड़ दिया गया। चार माह में काम पूरा होना था, लेकिन तय समय बीत जाने के बाद भी निर्माण अधूरा पड़ा है।



### कलेक्टर और निगम आयुक्त को सौंपा गया है ज्ञापन

नाला निर्माण और सड़क निर्माण कार्य को ठेकेदार द्वारा अधूरा छोड़ दिया गया है। वहीं रवि साहू लकड़ीटाल से मिलन चौक तक सड़क निर्माण को लेकर कई बार कलेक्टर और निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है। स्ट्रीट लाइट भी करीब 6 माह से बंद पड़ा है। इन सभी परेशानियों से नगर निगम को अवगत कराया गया है, लेकिन काम अब तक शुरू नहीं हुआ।

एन शैलजा, पार्षद वार्ड 33, संतोषीपारा कैम्प-2

# 80 करोड़ की सड़क में 800 से अधिक गड्ढे 2027 तक गारंटी, फिर भी जिम्मेदार मौन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- पुलगांव मिनीमाता चौक से अंजोरा तक बाईपास रोड का हाल-बेहाल

दुर्ग जिले में तीन साल पहले पुलगांव मिनीमाता चौक से अंजोरा तक फोरलेन बाइपास का निर्माण किया गया था। लगभग 80 करोड़ रुपए की लागत से बनी यह सड़क दम तोड़ती दिख रही है। इसमें जगह जगह गड्ढे हो गए हैं और सड़क ऊपर नीचे दब गई है। इससे यहां दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। पीडब्ल्यूडी से मिली जानकारी के मुताबिक कांग्रेस शासन काल में दुर्ग जिले के विधायक और पीडब्ल्यूडी मंत्री ताम्रध्वज साहू के समय इस रोड का टेंडर जारी किया गया था। यह टेंडर बेमतरा से कांग्रेस के तत्कालीन कांग्रेस विधायक के भाई को मिला। पीड्ल्यूडी ईई अशोक श्रीवास के समय में निर्माण में भारी कोताही बरती गई है गुणवत्ता का ध्यान नहीं देने से यह सड़क महज तीन साल के अंदर ही दम तोड़ने लगी है। पीडल्यूडी के ईई का कहना है कि निर्माण एजेंसी के संचालक को साल 2027 तक इस सड़क का रख रखाव देखना है। यानि यदि ये सड़क समय से पहले खराब होती है तो एजेंसी को सड़क उखाड़कर बनाना होगा, या फिर रिपेयर करना होगा। वर्तमान में सड़क की हालत खराब होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी एजेंसी से संधारण का काम नहीं करवा रहे हैं।

### सड़क में हो गए 800 से अधिक गड्ढे

मिनीमाता चौक से अंजोरा तक जब सड़क का दौरा किया गया तो पाया गया कि लगभग 5 से 6 किलोमीटर की इस सड़क में 800 से अधिक बड़े व छोटे गड्ढे पड़ गए हैं। इतना ही नहीं आधे से अधिक सड़क की डामर दबने से सड़क कहीं ऊंची तो कहीं नालीनुमा रूप ले चुकी है। इससे वाहन चालक अनबैलेंस होकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि सड़क के खराब होने बाद से यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। कई लोगों की मौत भी हो चुकी है।

# 281 उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान, 25 में 40 हजार क्विंटल से अधिक जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष ने ली प्रबंधकों की बैठक




जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने बैंक मुख्यालय के अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें बैंक संचालन से संबंधित प्रमुख मुद्दों धान खरीदी, परिवहन, लिंकिंग वसूली, कालातीत ऋण वसूली एवं किसानों को नगद भुगतान आदि की समीक्षा की गई। बैठक में हृदेश शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एस.के.निवसरकर वर्ग-1 अधिकारी, कुसुम ठाकुर अतिरिक्त मुख्य पर्यवेक्षक, केके नायक अधीक्षक, राजेन्द्र वारे नोडल अधिकारी बेमेतरा, सीआर रावटे नोडल अधिकारी बालोद उपस्थित रहें। 3 जनवरी की स्थिति में बैंक कार्यक्षेत्र जिला दुर्ग, बालोद, बेमेतरा अंतर्गत कुल 374 उपार्जन केन्द्रों में 12,03,306.64 मे. टन धान खरीदी की जा चुकी है जिसमें से 3,57,165.64 मे. टन धान का परिवहन हुआ है एवं उपार्जन केन्द्रों में 10,81,487 मे. टन धान शेष है। कुल 281 उपार्जन केन्द्रों में बफर लिमिट से अधिक धान है एवं 25 उपार्जन केन्द्रों में 40000 क्विंटल से अधिक धान है।

शाखा प्रबंधकों की बैठक में धान खरीदी में जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। शाखा प्रबंधकों द्वारा अवगत कराया गया कि, उपार्जन केन्द्रों के दैनिक खरीदी लिमिट में पंजीकृत किसानों का उपार्जित धान को निर्धारित समयावधि 31 जनवरी तक विक्रय करने में समस्या उत्पन्न होगी। इस संबंध में खरीदी लिमिट बढ़ाने के लिए शीर्ष कार्यालयों को अवगत कराने की जानकारी दी गई। बैठक में बैंक कार्यक्षेत्र के 73 शाखाओं के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहें।

### पाटन विस में विकास कार्यों के लिए 235 लाख की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए पाटन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 235.64 लाख रूपए (दो करोड़ पैंतीस लाख चौंसठ हजार आठ सौ उनसठ रूपए) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

पाटन विधायक भूपेश बघेल द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पाटन द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार पाटन क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए राशि आवंटित की गई है।

# पीएम सूर्य घर योजना ने बदली जसदेव सिंह की जिंदगी, अब जीरो आता है बिजली बिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- 1.08 लाख रुपए की मिली सब्सिडी



बिजली की बढ़ती मांग की वजह से बढ़ते बिलों से परेशान आम आदमी के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना किसी वरदान से कम नहीं है। इसका जीवंत उदाहरण पेश किया है जसदेव सिंह जब्बल ने, जिन्होंने न केवल अपने घर को सौर ऊर्जा से रोशन किया है, बल्कि वे अब खुद बिजली निर्माता बन चुके हैं।

जसदेव सिंह ने बताया कि उनके घर में चार किलोवॉट का सोलर पैनल लगे लगभग तीन से चार महीने हो चुके हैं और इसके परिणाम बेहद सुखद हैं। पहले हम बिजली का बिल भरने की चिंता में रहते थे, लेकिन आज हम खुद बिजली बना रहे हैं। घर की जितनी खपत है, उसे सोलर प्लांट अच्छी तरह से पूरा कर रहा है। अब बिजली बिल भरने की जरूरत नहीं पड़ती। जो पैसा पहले बिल में जाता था, वह अब शुद्ध बचत और एक तरह से अतिरिक्त आय है।

योजना के आर्थिक लाभों पर चर्चा करते हुए जसदेव ने बताया कि उन्हें कुल 1 लाख 8 हजार रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई है। इसमें 78,000 रुपये केंद्र सरकार द्वारा और 30,000 रुपये राज्य सरकार द्वारा दिए गए हैं। सब्सिडी के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ा। आवेदन के महज एक महीने के भीतर सब्सिडी की राशि सीधे उनके बैंक खाते में क्रेडिट हो गई। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने कहा कि हम आज जागरूक होंगे, तो ही हम अपने कल को बचा पाएंगे। सोलर अपनाएं, आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने कहा कि जसदेव सिंह ने न केवल अपने घर का बिजली बिल शून्य किया है, बल्कि पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाकर समाज के लिए एक बेहतरीन उदाहरण भी पेश किया है।

## कंकालीन मंदिर के पास मार्ग क्षतिग्रस्त होने पर पैच रिपेयर के निर्देश

# आयुक्त ने दुकानों के दस्तावेज जांच करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- आयुक्त ने सुबह-सुबह वार्डों का किया निरीक्षण

निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारियों की टीम के साथ शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। वार्ड 31 और 32 में निरीक्षण के दौरान आयुक्त सुमित अग्रवाल ने सड़क, नालियों, सार्वजनिक स्थानों और अन्य क्षेत्रों की साफ-सफाई की वास्तविक स्थिति देखी। आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा वार्ड में पार्षदों की उपस्थिति भ्रमण किया गया। निरीक्षण के मौके पर शनिचरी बाजार बीजेपी कार्यालय के पास बने दुकानों के दस्तावेज जांच करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने वार्डों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया और कंकालीन मंदिर के पास मार्ग क्षतिग्रस्त होने पर पैच रिपेयर के निर्देश दिए गए। साथ ही राम मंदिर सहेली ज्वेलर्स के पास मवेशियों को हटाने के निर्देश दिए गए। शिक्षक नगर की निर्माणाधीन टंकी का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने के लिए मजदूर बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान सहायक अभियंता गिरीश दीवान, उपअभियंता विनोद मांझी, हरिशंकर साहू, मोहित मरकाम, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, संभव जैन, गौतम साहू सहित सफाई दरोगा और सुपर वाइजर के अलावा अमला उपस्थित थे।

### गंदगी, कचरा न उठाने की शिकायत

निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर गंदगी, कचरा एकत्र होने और समय पर उठाव न होने की शिकायतें मिलीं। इस पर आयुक्त ने संबंधित कर्मचारियों को तुरंत कार्रवाई करने और निर्धारित समय पर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुबह की सफाई सबसे महत्वपूर्ण है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### सड़क किनारे जमा झाड़ियों को कटवाने कहा

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने रास्तों के किनारे जमा झाड़ियों को काटने, नालियों की नियमित सफाई कराने और मुख्य मार्गों पर गंदगी न होने देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने टीम को यह भी कहा कि जिन वार्डों में शिकायतें अधिक मिलती हैं, वहां विशेष निगरानी रखी जाए। इसके साथ ही आयुक्त सुमित अग्रवाल ने वार्ड 31 एवं वार्ड 32 में सड़क अतिक्रमण सहित सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने और भीड़भाड़ वाले स्थानों और गलियों के क्षेत्र में सड़क किनारे ठेलों को हटवाने के निर्देश दिए। दुकानदारों व आस-पास के व्यवसायियों को भी जागरूक किया साथ ही गन्दगी करने वालों से जुर्माना वसूल करने के निर्देश दिए।

### पंचायत से सबमर्सिबल पंप चोरी करने वाले गिरफ्तार

**भिलाई।** ग्राम पंचायत रसमड़ा से सबमर्सिबल पंप चोरी के मामले में पुलिस दो युवक व एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि प्रार्थी ग्राम पंच रसमड़ा बालकिशन निषाद ने पुलिस चौकी में शिकायत की थी कि गांव मे पानी टंकी में पानी सप्लाई का पाईप लाईन व सबमर्सिबल पंप पार हो गया। पुलिस ने ग्राम रसमड़ा शीतला पारा निवासी सुमेश निर्मलकर को संदेह के आधार पर पूछताछ के लिए पकड़ा। वो इससे पहले राजनांदगांव से चोरी के मामले में जेल जा चुका है। उसने अपने साथी निखिल रामटेके व एक नाबालिग के साथ 28 दिसंबर की रात हैक्सा ब्लेड़ से वायर को काटकर सबमर्सिबल पंप को चोरी करना स्वीकार किया। चोरी गए सबमर्सिबल पंप की कीमत 25 हजार रुपए बताई जा रही है।

## खबर संक्षेप



### विद्यालय बेलमांड में नववर्ष का स्वागत मां सरस्वती पूजन से किया

**बालोद।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलमांड में नववर्ष 2026 का स्वागत मां सरस्वती पूजन से किया गया। पूजन के पश्चात 12वी के छात्रें द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्य की सभी गुरुजनों ने सराहना की और सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होने का आशीर्वाद दिये और उनके सर्वांगीण विकास की सरस्वती माता से प्रार्थना किये। इस अवसर पर प्राचार्य, समस्त स्टाफ एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

### अज्ञात चोर ने एटीएम मशीन में की तोड़फोड़, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** अज्ञात चोर द्वारा एटीएम में घुसकर चोरी करने की नियत से एटीएम मशीन में की गई तोड़फोड़ के खिलाफ एटीएम संचालक ने रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 324(4), 331(4), 62 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एटीएम ईश्वर साहू के मकान में स्थित है। कांट्रेक्टर कॉलोनी सुपेला भिलाई थाना सुपेला जिला दुर्ग निवासी बसंत कुमार साहू पिता मौजी साहू 32 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 03 जनवरी को ग्राम सनौद मेन रोड स्थित इंडिया वन एटीएम का मकान मालिक ने मुझे सुबह करीबन 08 बजे मोबाईल फोन से बताये कि कोई अज्ञात चोर द्वारा 03 जनवरी की रात्रि करीबन 12.30 से 03 के मध्य एटीएम में अंदर घुसकर चोरी करने का प्रयास कर तोड़ फोड़ कर दिया है, जिसकी सूचना पर एटीएम सनौद में जाकर देखे तो एटीएम का मॉनीटर टूटकर नीचे गिरा हुआ था एवं मशीन को उखाड़कर तोड़ फोड़ कर गिरा दिया गया है, जिससे एटीएम मशीन की लगभग 30,000 रूपये का नुकसान हुआ है, एटीएम मशीन के अंदर रखे कैश की चोरी नहीं हुई है।

### बाइक की ठोकर से युवक घायल, मामला दर्ज

**बालोद।** गार्ड की नौकरी कर स्कूटी के माध्यम से वापस आ रहे युवक को बाईक ने ठोकर मार दिया जिसके बाद युवक के पिता ने बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 19 मोंगरा दफाई राजहरा निवासी धरम राज साहू ने पुलिस को बताया कि झरन दल्ली माईंस में हमाली का कार्य करता हूं, 30 दिसंबर को करीबन 02 बजे मेरी पत्नी अनुपा बाई बताई कि लडका ऋषभ साहू का एक्सीडेंट हो गया है, शहीद अस्पताल में भतएॅ है, तब मैं अस्पताल जाकर देखा तो ऋषभ को पीठ, पसली एवं अन्य जगहों पर चोंटे आई थी, पुछने पर बताया कि वह निर्मला स्कूल से गार्ड ड्युटी कर अपने स्कूटी सीजी 07 एवी 1920 से वापस आ रहा था कि करीबन 01.30 बजे गार्डर पुल राजहरा के पास विपरीत दिशा से आ रही मोटर साइकिल सीजी 24 जे 9675 के चालक प्रदीप साहू द्वारा अपने मोटर साइकिल को तेज रफ्तार से चलाते हुए स्कूटी को एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसे चोंटे आई है।

---

आयोजन : दो दिवसीय संगीतमय मानस दिग्दर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल

# मानस दिग्दर्शन कार्यक्रम में पूर्व विधायक भैयाराम ने बालकों की शिक्षा पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

समाज में जिस प्रकार बालको में शिक्षा के प्रति अरूचि हो रही है उससे आज बालक पढ़ाओ, बालक बढ़ाओ की दिशा में कार्य करने की जरूरत आ गई है। बालिकाएं शिक्षा में आगे निकल गई है। बालक शिक्षा में पिछड़ते जा रहे है।

■ ग्राम विकास में बुजुर्गों की भूमिका को बताया अहम

उक्त चिंता पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने ग्राम बोरतरा में आयोजित मानस दिग्दर्शन कार्यक्रम में मानच मंच से व्यक्त की। भैयाराम सिन्हा ने कहा बालको की शिक्षा के प्रति भी समाज, परिवार द्वारा ध्यान देना जरूरी है। आज कई युवा शिक्षा से विमुख होकर गलत दिशा मे जा रहे है। भैयाराम सिन्हा ने कहा ग्राम के विकास में बुजुर्गो का सुझाव कीमती होता है। आज ग्राम बोरतरा इसलिए प्रगति कर रहा है क्योकि ग्राम में बड़े बुजर्गो का मान है, कार्यो के लिए उनसे सुझाव लिया जाता है, उनके अनुभवो का लाभ लिया जाता है।

भैयाराम सिन्हा ने कहा ग्राम में विकास कार्यो के लिए हम राशि दे सकते है। कार्य कैसे होगा, कहां होगा ग्रामीण मिल बैठकर तय कर भविष्य को ध्यान में रखकर निर्णय ले। भैयाराम ने सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन के लिए राशि उपलब्ध कराने के लिए अपनी सहमति दी। भैयाराम सिन्हा ने कहा ऐसे आयोजन से ग्राम में लोगो का आचरण व वेशभूशा भी बदलने लगती है। कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य तोशण साहू ने कहा भगवान राम के आदर्श आज भी प्रासंगिक है। परिवार समाज में विकास, समृद्वि, शांति स्थापना में भगवान राम के आदर्श आज भी कारगर है। ऐसे आयोजन ग्राम के बच्चो को भी अपनी संस्कृति, धर्म, परंपरा सिखाती है। बच्चे संस्कार सीखते है एवं अपनी कला संस्कृति से अवगत होते है।





ग्राम बोरतरा में दो दिन तक चले संगीतमय मानस दिग्दर्शन में जिला पंचायत सभापति चद्रिरका गंजीर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललिता पीमन साहू, लेखक चतुर्वेदी, पप्पू कावरिया, जीवराखन साहू, पद्माकर वाईकर एवं सरपंच बोरतरा पूर्णिमा द्रोणा सिंन्हा अतिथि के रूप में मंचासीन थे। समारोह में ग्राम समिति अध्यक्ष शिवकुमार सिन्हा, सचिव पुनित राम यादव, बंशीलाल सिन्हा, नव ज्योति मानस परिवार एवं ग्रामीणो की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम में बंशी राम सिन्हा, नारायण सिन्हा, द्रोणा सिन्हा, चंदन पटेल, अनिल पटेल, मन्नू पटेल, इंदल ठाकुर, मदन पटेल, खेमन उईके, थानू राम सिन्हा, लोकू पटेल, केश कुमार ठाकुर, बालकृष्ण पटेल, अजय यादव, सरपंच बोरतरा पूर्णिमा द्रोणा सिन्हा, व ग्रामीण बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

---

## हरिभूमि गुण्डरदेही कार्यालय के वार्षिक कैलेंडर का हुआ विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

हरिभूमि गुण्डरदेही कार्यालय द्वारा प्रकाशित वर्ष 2026 का वार्शिक कैलेण्डर का विमोचन विधायक कुंवर सिंह निशाद व गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के भाजपा, कांग्रेस व अन्य पार्टियो के वरिष्ट पदाधिकारियो, जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति में किया गया। ने किया।

नगर में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में हरिभूमि के वार्शिक कैलेण्डर के विमोचन समारोह के दौरान सभी दलो के जनप्रतिनिधियो ने सहभागिता निभाई। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विशयो पर चर्चा की। इस दौरान विधायक कुंवर सिंह निषाद, भाजपा नेता नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, जनपद पंचायत सभापति गुलशन साहू, अश्वनी कटहरे, आप नेता जसवंत सिन्हा, तहसील साहू संघ अध्यक्ष डां मानसिंग सार्वा, सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष संजय बारले भाजपा नेता सतीश साहू, सेवा सहकारी समिति रेंगाकठेरा अध्यक्ष कोमल सोनकर, सेवा सहकारी समिति कचांदुर अध्यक्ष देवेंद्र यदु, तेजराम साहू तवेरा, उदय राम साहू मोखा, हिरामन साहू कसौंदा, भाजपा मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कंडेय, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराज साहू कुलदीप साहू, केशव साहू, सरपंच खलारी राजेश कुमार सोरी, केके राजु चन्द्राकर, सरपंच संघ के अध्यक्ष लेखराम साहू,, तोरण चन्द्राकर, पार्षद सलीम खान, केके साहू, रिजवान तिगाला, तरुण पारकर, सियाराम सोनकर उपस्थित थे।

---

## जंबूरी की तैयारियों का निरीक्षण अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने की, व्यवस्थाओं की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्राम दुधली में दिनांक 9 जनवरी से 13 जनवरी तक आयोजित होने वाले जंबूरी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, मंच, बैठक व्यवस्था, स्वच्छता, सुरक्षा, विद्युत, पेयजल सहित अन्य आवश्यक तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया गया। निरीक्षण के अवसर पर मंडल अध्यक्ष डौंडीलोहारा कुसुम शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, सभापति ममता यादव, शोभा राजपूत, पार्षद बीरसिंह ठाकुर, उपसरपंच मोहित देशमुख, जनभागीदारी अध्यक्ष जसराज शर्मा, मंडल मीडिया प्रभारी प्रीतम साहू सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जंबूरी कार्यक्रम को सफल, सुव्यवस्थित एवं यादगार बनाने के लिए सभी तैयारियां समय-सीमा के भीतर पूर्ण की जाएं।

■ अधिकारी, कर्मचारी और कार्यकर्ताओं ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प

वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम ने स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की बात कही। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि जंबूरी कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएंगी। निरीक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं में भी उत्साह देखा गया और सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

---

## छेरछेरा पूर्णिमा पर शाकंभरी जयंती श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई

### समाज को संगठित रहने और प्रगति का दिया गया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

छेरछेरा पूर्णिमा के पावन अवसर पर समीप के ग्राम धनगांव में शाकंभरी जयंती समारोह श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम कांति प्रकाश सोनबरसा, जनपद अध्यक्ष डौण्डीलोहारा के मुख्य आतिथ्य में तथा लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, अध्यक्ष नगर पंचायत डौण्डीलोहारा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। विशेष अतिथि के रूप में डोमेन्द्र सिंह राजपूत जनपद सदस्य डौण्डीलोहारा एवं रघुवीर सिंह पटेल, सरपंच ग्राम पंचायत धनगांव उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ शीतला मंदिर प्रांगण में मां शाकंभरी की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना से हुआ। इसके पश्चात कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें समाजजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि कांति प्रकाश सोनबरसा ने अपने संबोधन में समाज को संगठित रहकर निरंतर प्रगति की ओर बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने मरार समाज के सामुदायिक भवन में पेयजल व्यवस्था हेतु बोर खनन के लिए एक लाख रुपिए देने की घोषणा की। अध्यक्षता कर रहे लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने मरार समाज को मेहनतकश बताते हुए उनके योगदान की सराहना की वहीं डोमेन्द्र सिंह राजपूत ने शाकंभरी जयंती की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

■ वैदिक मंत्रोच्चार व कलश यात्रा के साथ हुआ समारोह का शुभारंभ



कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। सांध्यकालीन बेला में जनसामान्य के स्वस्थ मनोरंजन हेतु जय बघरनपाट फाग एवं जस भजन मंडली, बागतराई का आयोजन किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। इस अवसर पर ग्राम प्रमुख प्रताप सिंह कंवर, ग्राम पटेल इन्द्र कुमार भण्डारी, तोषणलाल चुरेन्द्र, दशरथ पटेल, चतुर सिंह पटेल, विजय कुमार पटेल, सातो बाई इंदौरिया, रिखीराम पटेल, लेखराम पटेल, कार्तिकराम पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन अश्वनी पटेल ने किया।

---

मानस चौपाइयों से मिलेगा आध्यात्मिक संदेश और शांति

# ग्राम चिटौद में 9 से जनवरी होगा त्रिदिवसीय सस्वर श्रीरामचरित मानसगान सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जय श्रीराम मानस एवं प्रचार समिति ग्राम चिटौद द्वारा ग्रामवासियों द्वारा 9 से 11 जनवरी तक त्रिदिवसीय सस्वर श्रीरामचरित मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। श्रीरामचरित मानस की चौपाइयां भगवान राम की लीलाओं और जीवन के गहरे संदेशों को सरल, मधुर भाषा में व्यक्त करती हैं, ये आध्यात्मिक मार्गदर्शन और सुख–शांति का स्रोत हैं, जिनमें भक्ति, नीति और ज्ञान का सार छिपा है और इनका पाठ करने से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं।

कार्यक्रम शुभारंभ 9 जनवरी को मुख्य अतिथि एन क्लब धमतरी विजय पंजाबी महालक्ष्मी रहेंगी। अध्यक्षता पुर्व जिला अध्यक्ष विश्व हिंदु परिषद धमतरी संदीप अग्रवाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत चिटौद तीरथ यादव, उपसरपंच रमेश नेताम, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिन्हा, अधिवक्ता सुरेंद्र तिवारी, आरडी सोरी, ग्राम विकास समिति सचिव दिनेश पाठक, शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय चिटौद परिवार, ग्राम पंचायत पदाधिकारी, ग्राम विकास समिति सदस्यगण, महिला कमांडो सदस्यगण की उपस्थिति में भगवान श्रीरामचंद्रजी की पूजा अर्चना एवं ज्योति कलश स्थापना की जाएगी, इसके पश्चात लगातार तीन दिनों तक छत्तीसगढ़ के 14 मानस मंडलियां मानस धर्म मंच से पावन ग्राम चिटौद में रामरस रूपी गंगा को प्रवाहित करेगी। त्रिदिवसीय भव्य सस्वर श्रीरामचरित मानस सम्मेलन इस बार त्रिमूर्ति मंदिर एवं श्रीराम मंदिर प्रांगण तालाब के तट पर आयोजित होगा। 11 जनवरी को रात 10 बजे समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर सुनीता संजय साहू रहेंगी। अध्यक्षता जनपद सदस्य गुरुर प्रमिला रामस्वरूप साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कृत शिक्षक शासकीय प्राथमिक विद्यालय चिटौद ईश्वरी कुमार सिन्हा, जितेंद्र कुमार साहू संचालक लोककला मंच सोनहा बादर, योगेश्वर साहू, युगल निषाद, सरस्वती धुरव, उर्मिला श्रवण, कुमारी साहू, गीता उइके, अजय कीरी, गोलु भैया ज्योति कुंज ढाबा, केशव सिन्हा, बृजकिशोर अग्रवाल धमतरी, किसुन यादव, केशव राम साहू, प्रकाश ठाकुर, नकुल मरकाम उपस्थित रहेंगे। मानसगान में उद्घोषक की भूमिका में ईश्वरी कुमार सिन्हा धुरसा, गजेंद्र कुलदीप कहाड़गोंदी, लोकेश कुमार साहू चिटौद रहेंगे।



आयोजन की तैयारी समिति के सभी सदस्यों तथा ग्रामवासियों के द्वारा एकजूट होकर जोर–शोर से किया जा रहा है। जिसमें रघुराम साहू, बसंत नागवंशी, देवलाल साहू, लोकेश कुमार साहू, कमल सेन, सुरेश साहू, तेज राम मंडावी, भागवत यादव, महेश साहू, महेश्वर नेताम, मौरध्वज यादव, टुमनलाल सिन्हा, पुरुषोत्तम सिन्हा, गोकुल राम साहू, बिदेशी राम साहू, जगदीश सिन्हा, भुनेश्वर निषाद, प्रदुमन यादव, लोकनाथ पटेल और सभी सदस्य जुटे हुए हैं।

---

## भाजपा मंडल कचांदुर में बूथ स्तर पर एसआईआर बैठक, पंच परिवर्तन पर चर्चा हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

भाजपा मंडल कचांदुर शक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 201 में एसआईआर संबंधी बैठक आयोजित कर चर्चा की गई तथा पुनरिक्षित मतदाता सूची का अवलोकन किया गया।

राष्ट्र के नवनिर्माण में पंच परिवर्तन, जिसमें सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी एवं नागरिक कर्तव्य बोध पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक प्रभारी केशव राम साहू ने बताया कि उक्त पांच बिंदु पर जन जागरण होने से राष्ट्र के नवनिर्माण में हमारी भागीदारी हो सकती है। बैठक में शक्ति केंद्र संयोजक मंथिर लाल साहू, सहसंयोजक भूषण लाल साहू, बीएलओ 2 टोमन लाल यादव, बूथ अध्यक्ष नरेंद्र कुमार चंद्राकर, अनुजराम साहू, लोकेश कुमार साहू उपस्थित थे।

---

### वेट लिफ्टिंग महिला टीम की तीन खिलाड़ियों ने किया क्वालिफाई

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की वेट लिफ्टिंग महिला टीम के 3 खिलाड़ियों ने ऑल इंडिया प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया है। 26 से 30 दिसंबर तक चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय पंजाब में आयोजित उत्तर पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन वेट लिफ्टिंग महिला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की तीन महिला खिलाड़ियों ने आल इंडिया प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई की।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

---

## ग्राम मोहलाई में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन में विधायक कुंवर रहे शामिल



**गुण्डरदेही।** ग्राम मोहलाई में न्यू स्टार क्लब एवं समस्त ग्रामवासी मोहलाई द्वारा आयोजित पांच दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में विधायक कुंवर सिंह निशाद सम्मिलित हुए। विधायक कुंवर सिंह निशाद ने कहा कि प्रतियोगिता में युवा खिलाड़ियों का उत्साह खेल भावना और प्रतिभा देखकर अत्यंत प्रसन्नता हो रहा है खेल न केवल स्वस्थ समाज का आधार है बल्कि युवाओं में अनुशासन. एकता और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। हार व जीत एक ही सिक्के के दो पहलु है।

उन्होंने क्रिकेट क्लब के सदस्यों को कहा कि हारने वाले खिलाडिय़ों को निराश नहीं होकर कमियों को दूर करना चाहिए तथा अगली बार ऐसी प्रतियोगिताओं में अपना दमखम दिखाकर लोहा मनवाना चाहिए। उन्होंने युवाओं को एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढऩे, खेलों के साथ शिक्षा में भी रुचि लेकर क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। युवाओं को खेलों के क्षेत्र में आगे बढऩे की बात कही। इस अवसर पर सदस्य जिला पंचायत बालोद मीना उमाशंकर साहू, भगवान सिंह साहू, बेदीलाल निर्मलकर, पंकज साहू, सरपंच कुरदी संजय साहू सहित उपसरपंच पंचगण एवं क्रिकेट क्लब के सभी सदस्य सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई,
22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38884

By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश,
श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री,
श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
18 अप्रैल 2026
2 मई 2026
18 मई 2026
20 मई 2026
14 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-22501/- ऑफर 20,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)